# बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना

विज्ञप्ति संख्या–पी.आर. 29/2024

**वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2024 के लिए औपबंधिक नियुक्ति पत्र जारी करने के संबंध में मान्यता प्राप्त सभी विद्यालयों के प्रधान, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (मा0 शि0) एवं जिला शिक्षा पदाधिकारी के लिए आवश्यक सूचना**

एतद् द्वारा राज्य के माध्यमिक स्तर के मान्यता प्राप्त विद्यालयों के सभी प्रधान, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (मा0 शि0) तथा जिला शिक्षा पदाधिकारी को सूचित किया जाता है कि वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2024 की उत्तरपुस्तिकाओं के मूल्यांकन तथा अन्य गोपनीय कार्य के उद्देश्य से माध्यमिक स्तर के विद्यालयों के कार्यरत शिक्षकों की डायरेक्टरी जिनके द्वारा ऑनलाईन अपडेट कराया गया है अथवा नहीं कराया गया है, उन दोनों प्रकार के विद्यालयों के शिक्षकों का औपबंधिक नियुक्ति पत्र समिति की वेबसाईट **biharboardonline.bihar.gov.in** एव **secondaryletter.biharboardonline.com** पर अपलोड कर दिया गया है तथा इसकी हार्ड कॉपी जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय में भेजी जा रही है, जो **दिनांक 28.01.2024** को उपलब्ध रहेगी।

**2.** उल्लेखनीय है कि **मृत शिक्षक/सेवानिवृत शिक्षक/स्थानांतरित शिक्षक/काली सूची में शामिल शिक्षक अथवा विषय से भिन्न शिक्षक** का औपबंधिक नियुक्ति पत्र दूसरे व्यक्ति को किसी भी परिस्थिति में हस्तगत नहीं कराया जाएगा।

**3.** यह औपबंधिक नियुक्ति पत्र उत्तरपुस्तिकाओं के मूल्यांकन हेतु मान्य नहीं है। संबंधित विद्यालय के शिक्षक समिति की वेबसाईट **biharboardonline.bihar.gov.in** पर Matric Provisional Letter Exam 2024 अथवा वेबसाईट **secondaryletter.biharboardonline.com** पर Click करने के बाद विद्यालय कोड अंकित कर अपना औपबंधिक नियुक्ति पत्र डाउनलोड कर सकते हैं। औपबंधिक नियुक्ति पत्र में अंकित विवरणी, में किसी प्रकार की त्रुटि/विसंगति परिलक्षित होती है, तो उसके सुधार हेतु सूचना समिति के ई–मेल आई0डी0 **coemat-bseb-bih@gov.in** ,पर अविलंब देना सुनिश्चित करेंगे।

परीक्षा नियंत्रक (माध्यमिक)

Scanned with CamScanner